**Series S7PQR**

**SET~4**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **69/7**

रोल नं.
Roll No. | | | | | | | | |

[ ]

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

# गृह विज्ञान (सैद्धान्तिक)
# HOME SCIENCE (Theory)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **70***

*Time allowed : **3** hours* *Maximum Marks : **70***

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **19** हैं।

Please check that this question paper contains **19** printed pages.

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।

Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **32** प्रश्न हैं।

Please check that this question paper contains **32** questions.

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**

**Please write down the Serial Number of the question in the answer-book at the given place before attempting it.**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।

15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the candidates will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए :*

*(i)* ***सभी*** *प्रश्न* ***अनिवार्य*** *हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में* ***32*** *प्रश्न हैं ।*

*(iii)* *प्रश्न-पत्र को* ***तीन*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***खण्ड क, ख*** *तथा* ***ग*** *।*

*(iv)* ***खण्ड क*** *में प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***14*** *बहुविकल्पीय प्रश्न हैं और प्रत्येक प्रश्न* ***1*** *अंक का है ।*

*(v)* ***खण्ड ख*** *में प्रश्न संख्या* ***15*** *से* ***21*** *प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंक का है तथा प्रश्न संख्या* ***22*** *से* ***25*** *प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है ।*

*(vi)* ***खण्ड ग*** *में प्रश्न संख्या* ***26*** *से* ***30*** *प्रत्येक प्रश्न* ***4*** *अंक का है तथा प्रश्न संख्या* ***31*** *और* ***32*** *प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंक का है ।*

*(vii)* *कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं ।*

*(viii)* *जहाँ आवश्यक हो, उपयुक्त उदाहरणों के साथ अपने उत्तरों का समर्थन कीजिए ।*

## खण्ड क

## (बहुविकल्पीय प्रश्न)

**1.** राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के अंतर्गत पर्यावरण और पारिस्थितिकी सुधार से संबंधित गतिविधियाँ हैं : *1*

(A) सिलाई और बुनाई

(B) परिवार कल्याण

(C) सामूहिक टीकाकरण

(D) वृक्षारोपण

**2.** छोटे बच्चों को लौह तत्त्व और फोलिक अम्ल की बूँदें पिलाना किस प्रकार की दृष्टिकोण/कार्यनीति का हिस्सा है ? *1*

(A) पोषण-आधारित दृष्टिकोण

(B) कमी-आधारित दृष्टिकोण

(C) आहार-आधारित कार्यनीति

(D) प्रबलीकरण-आधारित कार्यनीति

***General Instructions :***

*Read the following instructions carefully and strictly follow them :*

*(i)* ***All*** *questions are* ***compulsory****.*

*(ii)* *This question paper contains* ***32*** *questions.*

*(iii)* *The question paper is divided into* ***three*** *sections –* ***Sections A, B*** *and* ***C****.*

*(iv)* ***Section A*** *has questions no.* ***1*** *to* ***14*** *Multiple Choice Questions of* ***1*** *mark each.*

*(v)* ***Section B*** *has questions no.* ***15*** *to* ***21*** *of* ***2*** *marks each and questions no.* ***22*** *to* ***25*** *of* ***3*** *marks each.*

*(vi)* ***Section C*** *has questions no.* ***26*** *to* ***30*** *of* ***4*** *marks each and questions no.* ***31*** *and* ***32*** *of* ***5*** *marks each.*

*(vii)* *Internal choices are given in some questions.*

*(viii)* *Support your answers with suitable examples wherever required.*

## SECTION A
## (Multiple Choice Questions)

**1.** The activities related to environmental and ecological improvement under the National Service Scheme (NSS) are : *1*

(A) Tailoring and knitting

(B) Family welfare

(C) Mass immunisation

(D) Tree plantation

**2.** Administration of iron and folic acid drops to young children is a part of which approach/strategy ? *1*

(A) Nutrient-based approach

(B) Deficiency-based approach

(C) Diet-based strategy

(D) Fortification-based strategy

**3.** किस प्रकार के प्रतिष्ठान कमरे के पास पार्किंग की सुविधा प्रदान करते हैं ? *1*

(A) होटल

(B) लॉज

(C) मोटल

(D) सुसज्जित शिविर

**4.** 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना' कब और कहाँ शुरू की गई थी ? *1*

(A) पानीपत, 2008

(B) झुंझुनू, 2015

(C) सोनीपत, 2010

(D) पानीपत, 2015

**5.** विश्व का सबसे बड़ा आरंभिक बाल्यावस्था कार्यक्रम कौन-सा है, जिसका उद्देश्य बच्चों की स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करना है ? *1*

(A) सी.ए.आर.ए.

(B) एन.वाई.पी.

(C) एन.पी.ओ.पी.

(D) आई.सी.डी.एस.

**6.** सिलाई मशीन को पैर से चलाने के लिए किसने पाँव-चक्की (ट्रेडल) को विकसित किया था, जिसने कपड़ों को सिलने के लिए हाथों को मुक्त कर दिया ? *1*

(A) सेंट लॉरेंट

(B) लेवी स्ट्रॉस

(C) इसाक सिंगर

(D) सम्राट लुईस

3. Which type of establishment provides stay with parking facility near the room ? *1*

(A) Hotel

(B) Lodge

(C) Motel

(D) Furnished camp

4. When and where was the 'Beti Bachao, Beti Padhao Yojana' launched ? *1*

(A) Panipat, 2008

(B) Jhunjhunu, 2015

(C) Sonepat, 2010

(D) Panipat, 2015

5. Which is the world's largest early childhood programme that aims to meet the health, nutrition and education needs of children ? *1*

(A) CARA

(B) NYP

(C) NPOP

(D) ICDS

6. Who developed the foot treadle for the sewing machine, which left the hands free to guide the fabric ? *1*

(A) Saint Laurent

(B) Levi Strauss

(C) Isaac Singer

(D) King Louis

**7.** एक परिवार छह महीने के लिए विदेश जा रहा है। निम्नलिखित में से कौन-से खाद्य पदार्थ वे अपने घर में कमरे के तापमान पर बिना खराब हुए रख सकते हैं ? *1*

(A) पनीर

(B) चावल

(C) प्याज

(D) आलू

**8.** किसने इस बात की आवश्यकता पर ज़ोर दिया कि विद्यालय-पूर्व के वर्षों में बच्चों को उनका ख्याल रखने वाले, देखभाल करने वाले और जानकार वयस्क की ज़रूरत होती है ? *1*

(A) लेव वायगोत्सकी

(B) मारिया मॉन्टेसरी

(C) जीन पियाजे

(D) एरिक एरिक्सन

**9.** निम्नलिखित में से दिल्ली स्थित एक उपभोक्ता संगठन का प्रकाशन चुनिए : *1*

(A) 'चॉइस'

(B) 'कंज़्यूमर वॉइस'

(C) 'व्हिच'

(D) 'इनसाइट'

**10.** निम्नलिखित में से कौन-सा धुलाई-घर (लॉन्ड्री), कपड़ों के सौंदर्यबोध और अंतिम सज्जा को महत्त्व देता है ? *1*

(A) होटल

(B) अस्पताल

(C) छात्रावास

(D) नर्सिंग होम

**11.** भारत के संविधान का कौन-सा अनुच्छेद राज्य के अधीन रोज़गार और नियुक्ति से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों को समान अवसर की गारंटी देता है ? *1*

(A) अनुच्छेद 16(2)

(B) अनुच्छेद 16(1)

(C) अनुच्छेद 15(1)

(D) अनुच्छेद 22(1)

7. A family is going abroad for six months. Which of the following food items can they store at room temperature in their home without it getting spoiled ? *1*

(A) Cheese

(B) Rice

(C) Onions

(D) Potatoes

8. Who outlined the great need that children have for a concerned, caring and knowledgeable adult during pre-school years ? *1*

(A) Lev Vygotsky (B) Maria Montessori

(C) Jean Piaget (D) Erik Erikson

9. Select the publication of a Delhi-based Consumer Organisation from the following : *1*

(A) 'Choice'

(B) 'Consumer VOICE'

(C) 'Which ?'

(D) 'Insight'

10. Which type of laundry emphasises aesthetics and the final finish of articles ? *1*

(A) Hotel (B) Hospital

(C) Hostel (D) Nursing Home

11. Which Article of the Constitution of India guarantees equality of opportunity for all citizens in matters relating to employment and appointment to any office under the State ? *1*

(A) Article 16(2)

(B) Article 16(1)

(C) Article 15(1)

(D) Article 22(1)

**12.** सूची-I का सूची-II से मिलान कीजिए : *1*

| *सूची-I* *(डिज़ाइन का सिद्धांत)* | | *सूची-II* *(इसे बनाने के तरीके)* | |
|---|---|---|---|
| i. | अनुपात | 1. | केंद्र बिंदु |
| ii. | संतुलन | 2. | दोहराना |
| iii. | लय/आवर्तिता | 3. | स्वर्णिम माध्य |
| iv. | महत्त्व | 4. | रेडियल |

निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनिए :

(A) i – 2, ii – 3, iii – 1, iv – 4

(B) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2

(C) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

(D) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

**13.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। *1*

*अभिकथन (A) :* वूलमार्क अंतर्राष्ट्रीय ऊन सचिवालय द्वारा ऊन या ऊनी वस्त्रों के लिए गुणवत्ता का मानक चिह्न है।

*कारण (R) :* यह दर्शाता है कि ऊन शुद्ध है और चिह्न युक्त वस्त्र अन्य रेशों से नहीं बल्कि केवल शुद्ध ऊन से बना है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

**12.** Match List-I with List-II : *1*

| | *List-I* *(Principle of design)* | | *List-II* *(Way of creating it)* |
|---|---|---|---|
| i. | Proportion | 1. | Focal Point |
| ii. | Balance | 2. | Repetition |
| iii. | Rhythm | 3. | Golden Mean |
| iv. | Emphasis | 4. | Radial |

Choose the correct option from the following :

(A) i – 2, ii – 3, iii – 1, iv – 4

(B) i – 3, ii – 4, iii – 1, iv – 2

(C) i – 4, ii – 3, iii – 1, iv – 2

(D) i – 3, ii – 4, iii – 2, iv – 1

**13.** Given below are two statements, labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* Woolmark is the standard mark of quality of the International Wool Secretariat for wool or woollen garments.

*Reason (R) :* It indicates that the wool is pure and the marked garment is not made of other fibres but of only pure wool.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

**14.** नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिन्हें अभिकथन (A) और कारण (R) के रूप में अंकित किया गया है। *1*

*अभिकथन (A) :* भारत में, वरिष्ठ नागरिकों में 65 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग के व्यक्ति शामिल हैं।

*कारण (R) :* वरिष्ठ नागरिकों का एक बड़ा प्रतिशत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहा है।

नीचे दिए गए विकल्पों में से सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर चुनिए :

(A) (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R), (A) की सही व्याख्या है।

(B) (A) और (R) दोनों सही हैं, लेकिन (R), (A) की सही व्याख्या ***नहीं*** है।

(C) (A) सही है, लेकिन (R) ग़लत है।

(D) (A) ग़लत है, लेकिन (R) सही है।

## खण्ड ख

## (अति लघु और लघु-उत्तरीय प्रश्न)

**15.** (क) खाद्य पदार्थों में दिखाई देने वाले जैविक संकट तथा दिखाई न देने वाले सूक्ष्मजैविक संकट में अंतर स्पष्ट कीजिए। प्रत्येक श्रेणी का एक उपयुक्त उदाहरण दीजिए। *2*

**अथवा**

(ख) एफ.एस.एस.ए.आई.(FSSAI) का पूरा नाम क्या है ? इस प्राधिकरण द्वारा किए जाने वाले किसी एक महत्त्वपूर्ण कार्य का उल्लेख कीजिए। *2*

**16.** (क) श्यामली वृद्ध लोगों के कल्याण के लिए स्वेच्छा से योगदान देना चाहती है। हमारे देश में ऐसे किन्हीं दो कार्यक्रमों/योजनाओं के नाम बताइए जो वरिष्ठ नागरिकों को सहायता प्रदान करते हैं। *2*

**अथवा**

(ख) तरुण एक अनाथ बच्चा है जो ऐसे संगठन में रह रहा है जो परिवार-आधारित देखभाल प्रदान करता है। इस संगठन की पहचान कीजिए तथा इसकी कोई एक विशेषता बताइए। *2*

14. Given below are two statements, labelled as Assertion (A) and Reason (R). *1*

*Assertion (A) :* In India, senior citizens constitute people in the age group of 65 years and above.

*Reason (R) :* A large percentage of senior citizens are living below the poverty line.

Select the most appropriate answer from the options given below :

(A) Both (A) and (R) are true and (R) is the correct explanation of (A).

(B) Both (A) and (R) are true, but (R) is ***not*** the correct explanation of (A).

(C) (A) is true, but (R) is false.

(D) (A) is false, but (R) is true.

## SECTION B
## (Very Short and Short Answer Questions)

**15.** (a) Differentiate between visible biological hazards and invisible microbiological hazards in food. Give one suitable example of each category. *2*

**OR**

(b) What is the full form of FSSAI ? Mention one important function performed by this authority. *2*

**16.** (a) Shyamali wishes to contribute voluntarily towards the welfare of elderly people. Name any two programmes/schemes in our country that support senior citizens. *2*

**OR**

(b) Tarun is an orphan child living in an organisation that provides family-based care. Identify this organisation and state its any one feature. *2*

**17.** (क) मोहंती एक मिक्सर ग्राइंडर का प्रयोग करके पके हुए सांभर-चावल की प्यूरी बनाता है और उसे अपनी 80 वर्षीय दादी को दोपहर के भोजन में परोसता है। इस प्रकार के आहार को किस नाम से जाना जाता है ? ऐसे आहार का कोई एक अन्य उदाहरण सुझाइए। *2*

**अथवा**

(ख) जूही भोजन एलर्जी से पीड़ित थी और आहार चिकित्सा की मदद से उसमें सुधार हुआ। ऐसी किन्हीं दो अन्य बीमारियों/स्वास्थ्य स्थितियों के नाम बताइए, जिन्हें आहार चिकित्सा के माध्यम से नियंत्रित या बेहतर बनाया जा सकता है। *2*

**18.** ई.सी.सी.ई. (ECCE) के क्षेत्र में एक व्यावसायिक रचित, छोटे बच्चों के लिए एक ऐसा कार्यक्रम तैयार कर रहे हैं जो खेल-खेल में सीखने को बढ़ावा देता है। ऐसी कोई दो उपयुक्त शैक्षिक या मनोरंजक गतिविधियों की पहचान कीजिए जिन्हें वे इस कार्यक्रम में शामिल कर सकते हैं। *2*

**19.** 'रेड रिबन एक्सप्रेस' अभियान के दो उद्देश्य बताइए। *2*

**20.** किसी व्यावसायिक धुलाई-घर (लॉन्ड्री) में विशिष्ट कार्यों से संबंधित किन्हीं दो खंडों/भागों का उल्लेख कीजिए। *2*

**21.** छोटे बच्चों की देखभाल के लिए वैकल्पिक प्रावधानों की आवश्यकता क्यों हो सकती है, इसके दो कारणों का वर्णन कीजिए। *2*

**22.** अक्षरा अपने नए घर के लिए अर्ध-स्वचालित और पूर्णतः स्वचालित धुलाई मशीन के बीच चयन को लेकर भ्रमित है। कपड़ों की धुलाई के लिए उपयोग की जाने वाली इन दोनों प्रकार की धुलाई मशीनों के बीच दो अंतर और एक समानता बताकर उसकी सहायता कीजिए। *3*

**17.** (a) Mohanty prepares a puree of cooked sambar rice using a mixer grinder and serves it to his 80-year-old grandmother for lunch. What type of diet is this known as ? Suggest any one other example of such a diet. *2*

**OR**

(b) Juhi was suffering from a food allergy and got better with the help of diet therapy. Name any two other diseases/health conditions that can be managed or improved through diet therapy. *2*

**18.** An ECCE professional, Rachit, is designing a programme for young children that promotes learning through play. Identify any two appropriate educational or recreational activities that he can include in this programme. *2*

**19.** State two objectives of the 'Red Ribbon Express' campaign. *2*

**20.** Mention any two sections dealing with specific jobs in a commercial laundry. *2*

**21.** Describe two reasons why there may be a need for substitute provisions for the care of young children. *2*

**22.** Akshara is confused about choosing between a semi-automatic and a fully automatic washing machine for her new home. Help her by explaining two differences and one similarity between these two types of washing machines used for washing clothes. *3*

**23.** (क) प्रभलीन को एक मॉल में एक फुलकारी दुपट्टा पसंद आया, लेकिन वह उसे खरीद नहीं पाई क्योंकि वह बहुत महँगा था। इसकी अधिक कीमत होने के किन्हीं तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) लक्ष्य ऑनलाइन शॉपिंग का बहुत अधिक आदी है और कभी-कभी बाद में खुद को ठगा हुआ महसूस करता है। ऑनलाइन खरीदारी करते समय उपभोक्ता के किन्हीं तीन दायित्वों को सूचीबद्ध करके उसे जागरूक कीजिए। *3*

**24.** (क) एक सफल उद्यमी के किन्हीं तीन गुणों को सूचीबद्ध कीजिए। *3*

**अथवा**

(ख) कार्य को समझने के तीन विभिन्न परिप्रेक्ष्यों (तरीकों) की व्याख्या कीजिए। *3*

**25.** 'विकास संचार का एक माध्यम, स्थानीय लोगों द्वारा, उनकी स्थानीय बोली में, उनके विकास के लिए चलाया और संचालित किया जाता है।' इस प्रकार के मीडिया की पहचान कीजिए तथा इसके कोई दो उदाहरण दीजिए। *3*

## खण्ड ग
## (दीर्घ-उत्तरीय प्रश्न)

**26.** (क) शकील एक रिज़ॉर्ट में बेलबॉय के रूप में भर्ती हुआ है। वहाँ उसका मुख्य कार्य क्या होगा ?

(ख) रिज़ॉर्ट के किस विभाग में उसे नियुक्त किया जाएगा ?

(ग) इस विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रदान की जाने वाली किन्हीं दो अन्य महत्त्वपूर्ण सेवाओं को सूचीबद्ध कीजिए। *1+1+2=4*

**23.** (a) Prabhleen liked a 'Phulkari' dupatta in a mall, but she could not purchase it as it was very expensive. Mention any three reasons for its high price. *3*

**OR**

(b) Lakshay is highly addicted to online shopping and sometimes feels cheated later on. Make him aware by listing any three responsibilities of a consumer while shopping online. *3*

**24.** (a) Enlist any three qualities of a successful entrepreneur. *3*

**OR**

(b) Explain the three different ways in which work can be perceived. *3*

**25.** 'A medium of development communication is run and managed by local people, in their local dialect, for their development.' Identify this type of media and give any two examples of it. *3*

## SECTION C

### (Long Answer Questions)

**26.** (a) Shakeel joined as a bellboy in a resort. What will be his main duty there ?

(b) In which department of the resort will he be employed ?

(c) Enlist any two other significant services offered by the staff of this department. *1+1+2=4*

**27.** (क) स्वास्थ्य देखभाल केवल डॉक्टरी देखभाल नहीं है, बल्कि इसमें बहुत-सी सेवाएँ सम्मिलित हैं जो स्वास्थ्य को संवर्धित करने, कायम रखने या पुनः प्राप्त करने में सहायक होनी चाहिए।

(i) भारत में प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य देखभाल के किन्हीं तीन स्तरों की चर्चा कीजिए।

(ii) स्वास्थ्य संवर्धन में जन स्वास्थ्य पोषण विशेषज्ञ की किसी एक भूमिका का उल्लेख कीजिए। *3+1=4*

**अथवा**

(ख) भारतीय बच्चों में विभिन्न प्रकार की पोषण संबंधी कमियाँ पाई जाती हैं।

(i) बच्चों में सामान्यतः पाई जाने वाली किन्हीं तीन पोषण कमियों के नाम बताइए तथा प्रत्येक का एक लक्षण लिखिए।

(ii) भारत में संचालित किसी एक पोषक तत्त्व कमी नियंत्रण कार्यक्रम का नाम बताइए। *3+1=4*

**28.** रोहन एक केटरिंग इकाई शुरू करना चाहता है जिसके लिए उसे मैसूर/मैसूरु में खाद्य संरक्षण एवं प्रसंस्करण का व्यावसायिक पाठ्यक्रम करना है।

(क) मैसूर के उस सरकारी संस्थान का नाम बताइए जहाँ से वह यह पाठ्यक्रम कर सकता है। साथ ही, भारत में स्थित किसी अन्य सरकारी संस्थान का नाम भी सुझाइए जो इसी प्रकार के पाठ्यक्रम संचालित करता है।

(ख) खाद्य उद्योग में एक व्यावसायिक बनने के लिए किन दो प्रकार के ज्ञान और कौशलों की आवश्यकता होती है ? *2+2=4*

**29.** (क) फैशन चक्र के प्रथम तीन चरणों का विश्लेषण कीजिए तथा प्रत्येक चरण की संक्षिप्त व्याख्या कीजिए।

(ख) फैशन चक्र का कौन-सा चरण उपभोक्ता के लिए मोल-भाव करने हेतु सबसे उपयुक्त माना जाता है ? *3+1=4*

**27.** (a) Health care is not just medical care, but it includes a multitude of services that should help to promote, maintain, or restore health.

(i) Discuss any three levels of health care provided in India.

(ii) Mention any one role of public health nutritionists in promoting health. *3+1=4*

**OR**

(b) Various nutritional deficiencies are prevalent among Indian children.

(i) Name any three nutritional deficiencies commonly seen in children and write one symptom of each.

(ii) Name any one Nutrient Deficiency Control Programme operating in India. *3+1=4*

**28.** Rohan wants to start a catering unit for which he has to pursue a professional course in Food Preservation and Processing in Mysore/Mysuru.

(a) Name the government institution in Mysore from where he can pursue this course. Also, suggest any other government institution that offers similar course in India.

(b) Which two types of knowledge and skills are required to become a professional in the food industry ? *2+2=4*

**29.** (a) Analyze the first three stages of the fashion cycle and briefly explain each stage.

(b) Which stage of the fashion cycle is considered the best for a consumer to bargain ? *3+1=4*

**30.** एक प्रतिष्ठित आहार परामर्शदाता, सोफिया को एक विद्यालय द्वारा नैदानिक पोषण के दायरे पर कैरियर वार्ता देने के लिए आमंत्रित किया गया है।

(क) इस क्षेत्र में जीविका बनाने के लिए कौन-सी दो योग्यताएँ आवश्यक हैं ?

(ख) इस क्षेत्र में योग्यता प्राप्त करने के बाद रोज़गार पाने के लिए किन्हीं दो कैरियर विकल्पों का सुझाव दीजिए। *2+2=4*

**31.** एक वस्त्र डिज़ाइनर एक निर्यात गृह में कपड़ों की डिज़ाइनिंग और उनमें रंगों के प्रयोग के लिए पेंटोन शेड कार्ड का उपयोग करता है।

(क) अंतर्राष्ट्रीय फैशन व्यापार में पेंटोन शेड कार्ड के उपयोग का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

(ख) वस्त्रों में विविध प्रकार के डिज़ाइन बनाने के लिए, रंग को विभिन्न चरणों में मिलाया जा सकता है। इन स्तरों में से कोई तीन चरण विस्तार से स्पष्ट कीजिए। *2+3=5*

**32.** (क) संकट विश्लेषण क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एच.ए.सी.सी.पी.) क्यों लागू किया जाना चाहिए, पाँच कारणों का वर्णन कीजिए। *5*

**अथवा**

(ख) भारत में खाद्य गुणवत्ता और खाद्य सुरक्षा के बढ़ते महत्त्व के लिए उत्तरदायी किन्हीं पाँच कारकों पर चर्चा कीजिए। *5*

**30.** Sophia, a reputed diet counsellor, has been invited by a school to deliver a career talk on the scope of clinical nutrition.

(a) Which two qualifications are required to pursue a career in this field ?

(b) Suggest any two career avenues where employment can be sought after qualifying in this field. *2+2=4*

**31.** A textile designer in an export house uses Pantone shade cards in the design and application of colour to fabrics.

(a) Explain the purpose of using Pantone shade cards in the international fashion trade.

(b) To create a vast range of designs in fabrics, colour can be added at different stages. Specify any three of these stages in detail. *2+3=5*

**32.** (a) Describe five reasons why the Hazard Analysis Critical Control Point (HACCP) system should be implemented. *5*

**OR**

(b) Discuss any five factors responsible for the increased importance of food quality and safety in India. *5*